जन संपर्क विभाग
Department of Public Relations
महानदी कोल्फील्ड्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
MAHANADI COALFIELDS LIMITED
(A Government of India Enterprise)

प्रेस विज्ञप्ति

एमसीएल ने संबलपुर शहर में कचरा संग्रहण के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को 10 ई–वाहन प्रदान किए

संबलपुर शहर के लिए पर्यावरण अनुकूल स्वच्छता अभियान महिला सशक्तिकरण के साथ

संबलपुर, 27 जुलाई 2023: महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कचरा संग्रहण के लिए संबलपुर नगर निगम को 10 इलेक्ट्रिक वाहन प्रदान किए हैं, जो सीएसआर के तहत पर्यावरण–अनुकूल स्वच्छता अभियान को प्रोत्साहित करने के अलावा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की अपनी तरह की एक अनूठी पहल है।

कल शाम संबलपुर नगर निगम आयुक्त श्री वेदभूषण, भा.प्र.से और महाप्रबंधक (सिविल/सीएसआर) एमसीएल श्री आर.के पाणिग्रही ने इन ई–वाहनों को सर्वाजनिक सेवा के लिए हरी झंडी दिखाई।

भारत में शहरी क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रबंधन लंबे समय से एक गंभीर चुनौती रही है, खासकर पश्चिमी ओडिशा के सबसे पुराने शहर जैसे संकीर्ण गलियों और उप–गलियों वाले छोटे शहरों में।

नगर पालिका द्वारा सामना किए जा रहे इस गंभीर मुद्दे के समाधान और नगर निगम क्षेत्र में टिकाऊ और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन के इस विचार को वास्तविकता में बदलने के लिए एमसीएल संबलपुर जिला प्रशासन का समर्थन करने के लिए आगे आया।

एमसीएल ने सीएसआर पहल के तहत 45 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी, जो दस बैटरी चालित वाहनों (बीओवी) की खरीद को सक्षम करेगा, जिसका उपयोग घर–घर कचरा संग्रहण के लिए किया जाएगा, जो पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

इन इलेक्ट्रिक–वाहनों की शुरूआत एसएमसी क्षेत्र के लिए अपशिष्ट प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसका लक्ष्य पारंपरिक वाहनों से जुड़े कार्बन पदचिह्न को कम करने के अलावा, सबसे चुनौतीपूर्ण गलियों से कचरे का समय पर संग्रह सुनिश्चित करके कचरा मुक्त वातावरण प्राप्त करना है।

लैंगिक रूढ़िवादिता को तोड़ते हुए, तीन स्व सहायता समूहों की महिलाआएं एमसीएल द्वारा सीएसआर के तहत प्रदान किए गए ई–वाहनों का संचालन और प्रबंधन करेंगी, जिसका उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

नगर पालिका क्षेत्र के लगभग 85,000 घरों में निवासरत लगभग चार लाख निवासी इस स्वच्छता और हरित पहल से लाभान्वित होंगे।

मुख्यालय: एम.सी.एल कॉम्प्लेक्स,जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर-768020 E-mail: pro.mcl@coalindia.in;
(ओडिशा)HQs: At/MCL Complex,JagrutiVihar, Burla, Sambalpur- 768020 CIN:U10102OR1992GOI003038